ाम्बर
ाहक
मे

ायालय उपखण्ड़ अधिकारी पदेन सहायक कलेक्टर, करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)

ठासीन अधिकारी :– जोगेन्द्र सिंह, आर.ए.एस.

कदमा नम्बर 428/2023 प्रार्थनापत्र

01. ओमप्रकाश पुत्र श्री मांगी लाल बैरवा जाति बैरवा आयु वयस्क निवासी– देबीपुरा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)

––– प्रार्थी

बनाम

01. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार साहब, करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)

–––– विपक्षी

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा– 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

ास्थित :–

श्री अशोक कुमार लखारा ––––अधिवक्ता प्रार्थी

पेरोकार सरकार ––उपस्थित

:: निर्णय :: दिनांक–04.11.2024

प्रार्थी के द्वारा विपक्षी के विरूद्व एक आवेदनपत्र अन्तर्गत धारा– 251–ए राज0 नेन्सी एक्ट के तहत प्रस्तुत कर सरहद लादुवास पटवार हल्का लादुवास–1 भू अभिलेख निरीक्षक त्र बेमाली तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा मे प्रार्थी के खातेदारी हक अधिकार की कृषि राजियात जिसके आराजी नम्बर 3194/197 रकबा 0.7588 हैक्टयर भूमि स्थित है। जो कि प्रार्थी नाम पर खातेदारी हक अधिकार से दर्ज होकर प्रार्थी का कब्जा एवं उपयोग उपभोग चला आ ा है। प्रार्थी की उक्त आराजी मे आने जाने का एकमात्र रास्ता जो सरकारी रास्ता से होकर पक्षी की बिलानाम आराजी नम्बर 198 से होकर अपनी प्रार्थनापत्र की चरण संख्या 01 मे वर्णित राजी नम्बर 3194/197 मे आता जाता जाता है। जिसमे से रास्ते को दर्ज कराया जावे।

प्रार्थी का आवेदन प्रस्तुत होने पर पंजीबद्व किया गया व विपक्षीगण को सम्मन नोटिस मिल होने के पश्चात प्रकरण मे मौके का निरीक्षण कर प्रार्थी की आराजियात पर प्रस्तावित रास्ता अथवा नही या वैकल्पिक रास्ता भी उपलब्ध है या नही, इस तथ्यात्मक रिपोर्ट तहसीलदार करेड़ा मंगवाई जाने की आदेशिका पारित की।

प्रार्थी के अधिवक्ता की बहस सुनी गयी। प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा आवेदनपत्र मे वर्णित थ्यो को दोहराते हुए राजस्व अभिलेख , नक्शा ट्रेस एवं तहसीलदार द्वारा तैयार कराई मौका रीक्षण रिपोर्ट की ओर इस न्यायालय का ध्यान आकर्षित कर प्रस्तावित रास्ता के अतिरिक्त अन्य ोई रास्ता प्रार्थी को आराजियात पर आने जाने , संज बैलगाडी एंव कृषि उपकरण लाने ले जाने कृषि कार्य का कोई वैकल्पिक रास्ता न होना रिपोर्ट से दृष्टिगत होता है। तहसीलदार द्वारा प्राप्त का रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी के नाम पर सरहद लादुवास पटवार हल्का लादुवास–1 भू अभिलेख

उपखण्ड अधिकारी पदेन
सहायक कलक्टर करेड़

रीक्षक क्षैत्र बेमाली तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0) मे आराजी नम्बर 3194/197 रकबा 7588 हैक्टयर दर्ज रेकार्ड है। आराजी नम्बर 198 रकबा 2.9972 हैक्टयर विपक्षी के नाम दर्ज कार्ड है, मौके पर वर्तमान मे उक्त आराजियात पर आने जाने हेतु अन्य कोई रास्ता भी नही है। का रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी द्वारा चाहा गया रास्ता मे से मुख्य सड़क 192 से बिलानाम आराजी नम्बर 98 जो कि निकटतम रास्ता है। रास्ते के रूप मे 0.1737 हैक्टयर भूमि आती है, रास्ते मे ली जाने ली भूमि का बाजार मूल्य डी.एल.सी. रेट की दुगुनी राशि जो विपक्षी को देय है, प्रार्थी अदा करने तैयार है।

मैने प्रार्थी के अधिवक्ता की बहस सुनी। पत्रावली पर उपलब्ध सामग्री का अवलोकन या, प्रार्थी की आराजी नम्बर 3194/197 रकबा 0.7588 हैक्टयर मे आने जाने हेतु विपक्षी की राजी नम्बर 198 मे 30 फीट चौडाई मे रास्ता दिलाया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। उपरोक्त वेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थनापत्र स्वीकार योग्य ठहरता है। अत एव

:: आदेश ::

प्रार्थी का आवेदन स्वीकार कर प्रार्थी की सरहद लादुवास पटवार हल्का लादुवास–1 भू भिलेख निरीक्षक क्षैत्र बेमाली तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0) आराजी नम्बर 3194/197 कबा 0.7588 हैक्टयर मे आने जाने हेतु विपक्षी की आराजी नम्बर 198 रकबा 2.9972 हैक्टयर मे से फीट चौडाई के रूप मे कृषि कार्य हेतु आने जाने का रास्ता दिया जाना स्वीकार किया जाता है था इसी भांति राजस्व नक्शा मे प्रस्तावित नक्शे अनुसार रास्ता कायम करने की आज्ञा पारित की ाती है। इस आदेश की पालना मे तहसीलदार, करेड़ा को तहरीर इस निर्देश के साथ जारी की ावे कि रास्ते के लिए दी जाने वाली भुमि 0.1737 हैक्टयर बनती है, उक्त रास्ते की भूमि की डी. ल.सी. दर से दो गुणा मूल्य प्रार्थी से वसूल कर राजकोष मे जमा किया जावे।

यह आदेश आज दिनांक 04.11.2024 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(जोगेन्द्र सिंह)
उपखण्ड अधिकारी पदेन
आर.ए.एस.
सहायक कलक्टर करेड़ा
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर,
करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)